बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय) 5760

संख्या :– 03 / 02–राज्य यो0(2)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)खगड़िया–38 / 2022............ **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 389–। दिनांक 30.11.2022 द्वारा मो0 आमीर अख्तर, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02824) के विरूद्ध मनमाने तरीके से कार्य करने, कार्य में लापरवाही बरतने एवं अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 145 दिनांक 09.01.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण में लगाए गए आरोप को निराधार बताया गया है। साथ ही संलग्न साक्ष्यों के आधार पर स्पष्टीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत यह पाया गया है कि प्रपत्र–6 की इंट्री 4–5 माह में की गयी है जबकि पूर्व में अधिकतम 45 दिनों में प्रपत्र–6 की इंट्री किए जाने के निदेश दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गयी है। अतः इनके स्पष्टीकरण में अंकित तथ्यों पर विचार करते हुए तत्काल इनका संविदा नियोजन समाप्त न कर 03 माह के मानदेय कटौती का दण्ड अधिरोपित करते हुए एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। साथ ही इनको अपने कार्य दक्षता में सुधार लाने के हिदायत भी दी जाती है।

12/7/23

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0(2)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)खगड़िया–38 / 2022 5760 **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

प्रतिलिपि :– मो0 आमीर अख्तर, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02824), बंदोबस्त कार्यालय, खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7/23

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0(2)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)खगड़िया–38 / 2022 5760............ **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/7/23

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0(2)वि0सर्वे0कर्मी(आरोप)खगड़िया–38 / 2022 5760............ **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित मो0 अख्तर की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/7/23

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप